**शारदेय नवरात्र** | कलकत्ता विक्टोरिया हाउस की थीम पर बना पंडाल, द ग्रेट खली होंगे शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण, भव्य दुर्गा पूजा की तैयारी

# दस विद्या महाशक्ति पीठ के साथ पंचमुखी सिंह वाहिनी माता होंगीं विराजमान



**मंडला 20 सितंबर नभाप्र.** मां दुर्गा के 54 वें स्थापना वर्ष को अति आकर्षक बनाने के लिए इस वर्ष श्री सिद्ध दुर्गोत्सव समिति द्वारा अनेक भव्य आयोजन कराने की तैयारी कर ली है। समिति के नितेश पटेल ने बताया है कि पूरे नवरात्र में प्रत्येक दिन अनेक प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जाएगी। समिति द्वारा की तैयारी को भव्य रूप दिया जा रहा है। यहां आयोजित होने वाले नवरात्र के कार्यक्रम को जिले के जनमानस के लिए आकर्षण का केन्द्र बनाने पूर्ण तैयारी हो चुकी है। जिले भर में यह भव्य आयोजन विगत वर्ष से किया जा रहा है। यहां नवरात्र के दिन को खास बनाने समिति के सदस्य जी जान से कार्य कर रहे है। 22 सितंबर को पूरे विधि विधान के साथ माता रानी की स्थापना की जाएगी। बताया गया कि श्री सिद्ध दुर्गोत्सव समिति बड़ी खैरी द्वारा जनमानस के लिए आकर्षण का केंद्र बनाने की तैयारी कर रहा है। जिले वासियों को माँ भगवती के दस विद्या महाशक्ति पीठ के दर्शन करने का मौका मिलेगा। समिति जिलेवासियों को सनातन और भक्ति से जोड़ने का प्रयास कर रही है, जिससे लोग भक्ति मार्ग में चल सके। बताया गया कि दस विद्या महाशक्ति पीठ के साथ मुख्य प्रतिमा सिंहवाहिनी माता की पंचमुखी रूप में स्थापित की जाएगी। पांच-पांच प्रतिमाएं आमने सामने और बीच में माता सिंहवाहिनी की करीब 14 फिट की प्रतिमा विराजन होगी। जिलेवासियों को माँ भगवती के अलौकिक दर्शन बेहतरी आकर्षक साज सज्जा और लाईटिंग के साथ होंगे। जिसके लिए जिले के ही केएल फ्लावर द्वारा डेकोरेशन किया जा रहा है। माता रानी का पूरा पंडाल बांस से बनाया जा रहा है, जो वॉटर प्रूफ भी है। समिति सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष माता भवानी का पंडाल कलकत्ता विक्टोरिया हाउस के रूप में बनाया जा रहा है। साथ ही आनंद मेले की भी तैयारी चल रही है। बताया गया कि इस वर्ष मां दुर्गा की मुख्य प्रतिमा इस वर्ष करीब 14 फिट की स्थापित की जाएगी, जो अलौकिक है। इसके साथ ही नवरात्र में ऐसे ही अनेक आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। लाइट व साउंड के साथ संपूर्ण नवरात्र माता रानी के अलौकिक दर्शन होंगे। इसके साथ ही शोभायात्रा के मुख्य आकर्षण माता रानी की आकर्षक झांकी, फेमस ढोल के साथ, आकर्षक साउंड और लाइट सहित चल समारोह में दा ग्रेट खली शामिल होगें। जिसके कारण इस वर्ष का चल समारोह भव्य होगा।

### आकर्षण का केन्द्र बन गया बड़ी खैरी

इस शारदेय नवरात्र में एक से बढ़कर एक आयोजन बड़ी खैरी में आयोजित किए जाएंगे। यहां आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में बाना छेदन दल का भी चल समारोह भी आकर्षण का केन्द्र रहेगा। माता जी की सुंदर झांकी, बैंड के साथ अन्य आयोजन भी होगे। कार्यक्रम के अंतर्गत कन्या पूजन व विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजित होने वाले आयोजन के लिए सभी धर्मप्रेमियों का सहयोग प्राप्त हो रहा है। आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से यहां आने वाले भक्तों, बच्चों और युवा माता रानी के अलौकिक दर्शन करके मंत्रमुग्ध होगे।

### यातायात व्यवस्था के लिए होंगे विशेष प्रबंध

इस बार भी आनंद मेला आकर्षण का केंद्र रहेगा। भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन ने समिति पदाधिकारियों के साथ बैठक कर विस्तृत रूपरेखा तैयार की है। सुरक्षा यातायात और व्यवस्था को लेकर विशेष प्रबंध किए गए हैं। केवल मंडला ही नहीं आसपास के जिलों से भी हजारों श्रद्धालु मां के दिव्य स्वरूप के दर्शन करने बड़ी खैरी पहुंचेंगे। उत्सव समिति का मानना है कि यह अवसर भक्ति सांस्कृतिक समरसता और सामाजिक एकता का अद्भुत प्रतीक बनेगा।

### 54वें स्थापना वर्ष में भक्ति का दिखेगा अद्भुत संगम

धार्मिक आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम इस वर्ष बड़ी खैरी में देखने को मिलेगा। श्री सिद्ध सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति बड़ी खैरी अपने 54 वें स्थापना वर्ष पर भक्तों के लिए भक्ति का अनोखा स्वरूप प्रस्तुत करने जा रही है। यहां विद्या महाशक्ति पीठ के तहत मां के दस दिव्य स्वरूप मां धूमावती, मां कमला, मां काली, मां बगलामुखी, मां मातंगी, मां तारा, मां त्रिपुर सुंदरी, मां भुवनेश्वरी, मां षोडशी और मां छिन्नमस्ता की स्थापना विधि-विधान से की जाएगी। बड़ी खैरी में हर साल होने वाला यह दुर्गा उत्सव अपनी अनोखी भक्ति और भव्यता के लिए प्रसिद्ध है। युवा वर्ग बुजुर्ग और मातृशक्ति सभी इस आयोजन में विशेष सहयोग देते हैं।






## बिछिया में नवरात्रि की तैयारियां जोरों पर, बनाए जा रहे आकर्षक दुर्गा पंडाल

### बस स्टैंड में पेड़ की छटाई के दौरान फंसी नगर परिषद की स्काईलैब मशीन

**भुआबिछिया 20 सितंबर नभाप्र.** शारदेय नवरात्रि के आगमन को लेकर बिछिया नगर में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। जगह-जगह दुर्गा पंडालों का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर जारी है, जिसके लिए बाहर से आए कलाकार विशेष साज-सज्जा और लाइटिंग का काम कर रहे हैं। नगर के प्रमुख स्थानों पर भव्य पंडाल बनाए जा रहे हैं, जिनमें विनोद रंग मंच, रामलीला दुर्गोत्सव मंच, वेयर हाउस कॉम्प्लेक्स, रेस्ट हाउस रोड और जतीपुर शामिल हैं। इस वर्ष मुक्ति मार्ग पर महाकाली की स्थापना की जाएगी और पहली बार स्थानीय बस स्टैंड पर भी माता रानी की प्रतिमा स्थापित होगी, जिसकी तैयारियां जोरों पर हैं। सभी दुर्गा पंडालों में बेहतरीन सजावट और भव्य झांकियां तैयार की जा रही हैं, ताकि नौ दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में भक्तों का तांता लगा रहे। नवरात्रि के दौरान सभी देवी मंडपों में गरबा नृत्य की धूम मचेगी।

### नगर परिषद भी साफ-सफाई में जुटा

नवरात्रि से पहले नगर परिषद भी शहर की साफ-सफाई व्यवस्था में लगा हुआ है। सभी वार्डों में साफ-सफाई, सड़कों और नालियों की सफाई का काम किया जा रहा है। इसी दौरान, बस स्टैंड पर पेड़ों की छंटाई करते समय नगर परिषद की स्काईलैब मशीन में तेल कम होने के कारण वह पेड़ पर ही फंस गई, जिसके कारण वह घंटों तक फंसी रही। हालांकि इस घटना के बाद भी नगर परिषद के कर्मचारी लगातार काम में लगे हुए हैं, जिससे नवरात्रि से पहले नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके।

## 148 बटालियन सीआरपीएफ ने चलाया सफाई अभियान

### पुलिस लाइन से भाजपा कार्यालय तक जवानों और नगरपालिका कर्मचारियों ने किया श्रमदान




**मंडला 20 सितंबर नभाप्र.** स्वच्छता पखवाड़ा के तहत 148 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल मंडला ने शनिवार को स्वच्छोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। बटालियन के कमांडेंट विक्रांत सारंगपाणि के नेतृत्व में अधिकारियों और जवानों ने नगरपालिका के कर्मचारियों के साथ मिलकर पुलिस लाइन गेट से लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय तक सफाई अभियान चलाया। यह अभियान पूरे देश में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है, और इसी के तहत इस बटालियन ने भी स्वच्छता ही सेवा है के संदेश को आगे बढ़ाया। इस सफाई अभियान में कमांडेंट विक्रांत सारंगपाणि के साथ द्वितीय कमान अधिकारी रत्नेश कुमार सिंह, उपकमांडेंट अमरी प्रसाद, उपकमांडेंट मनोरंजन कुमार, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. भाग्यलक्ष्मी और अन्य अधिकारियों व जवानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जवानों, उनके परिवारों और आम जनता को अपने कैंप और आसपास के क्षेत्रों को साफ रखने के लिए प्रेरित करना था, जिससे विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बचा जा सके। इस पहल के माध्यम से जवानों ने देश को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संदेश दिया।

## पर्यटकों के साथ तालमेल और कान्हा की खूबियों से रूबरू कराएंगे गाइड

- कान्हा में प्रकृति के सारथी हो रहे तैयार
- कान्हा पार्क के 97 गाइडों को दिया जा रहा तीन दिवसीय प्रशिक्षण
- ईको सेंटर खटिया में सरही और खटिया के गाइड ले रहे रिफ्रेशर ट्रेनिंग



**मंडला 20 सितंबर नभाप्र.** कान्हा नेशनल पार्क आने वाले पर्यटकों को कान्हा से रूबरू कराने वाले गाइडों की अहम भूमिका रहती है। पार्क आने वाले पर्यटक गाइड के आधार पर दी जाने वाली जानकारी से अवगत होते हैं। इस लिहाज से गाइडों के लिए भी पार्क खुलने के पहले रिफ्रेशर कोर्स कराया जाता है। इस कोर्स में गाईडों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। कान्हा के खटिया सेंटर में 97 गाइडों को कान्हा क्षेत्र के नेचरलिस्ट ट्रेनर द्वारा दी जा रही है। गाईडों के लिए आयोजित प्रशिक्षण का आज 21 सितंबर को अंतिम तीसरे दिन प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसमें करीब 97 गाइड शामिल होकर प्रशिक्षण लेगे।

जानकारी अनुसार कान्हा पार्क आने वाले देशी, विदेशी पर्यटकों को कान्हा से रूबरू कराने वाले गाइडों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण में गाइडों को प्रकृति और वन्यजीवों के संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर गहन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का आज रविवार 21 सितंबर को समापन किया जाएगा। इसके बाद कान्हा पार्क के सभी गाईड एक बार फिर कान्हा पार्क में पर्यटकों को सफारी करने के लिए तैयार हो जाएगे। इस प्रशिक्षण के बाद गाइड भी रिफ्रेस हो जाएंगे और एक नई उमंग के साथ कान्हा पार्क में आने वाले पर्यटकों को कान्हा की विशेषताओं से अवगत कराएंगे। बताया गया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य गाइडों के ज्ञान और कौशल को बढ़ाना है, जिससे वे पर्यटकों को वन्यजीवों, प्राकृतिक संरक्षण और स्थानीय संस्कृति के बारे में सटीक जानकारी दे सकें। प्रशिक्षण के पहले दिन की शुरूआत नेचर सफारी के साथ हुई, जिसके बाद प्रतिभागियों को वन्यजीव, तितलियाँ, पक्षी और पार्क के नियमों के बारे में जानकारी दी गई। संवाद और संचार कौशल पर विस्तार से बताया गया जिससे गाइड पर्यटकों के साथ बेहतर तरीके से जुड़ सकें। प्रथम दिवस प्रशिक्षण के अंत में सभी ने नेचर ट्रेल में हिस्सा लिया, जहाँ उन्होंने व्यावहारिक रूप से जंगल और उसके पर्यावरण को समझा।

### केस स्टडी और रोल प्ले की दी प्रस्तुति

दूसरे दिन का प्रशिक्षण भी नेचर सफारी के साथ शुरू हुआ। इस दौरान प्रमुख शाकाहारी प्रजातियों, सरीसृपों, पक्षियों और आदिवासी जीवनशैली पर सत्र आयोजित किए गए। इसके साथ ही इस दौरान कौन कितना है हटके जैसे सत्रों के माध्यम से गाइडों को जानवरों के व्यवहार और विशिष्टताओं को समझने का मौका मिला। केस स्टडी पर चर्चा की गई और रोल प्ले के माध्यम से व्यावहारिक ज्ञान को और मजबूत किया गया।

### प्रतिभागियों को किया जाएगा सम्मानित

तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन आज 21 सितंबर को होगा, जहाँ गाइडों को पर्यटन और संरक्षण के संबंध और आदिवासी और स्थानीय जनजीवन जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। समापन कार्यक्रम के साथ सभी प्रतिभागियों को उनके योगदान के लिए सम्मानित भी किया जाएगा। इस प्रशिक्षण शिविर में विशेषज्ञ याजुवेंद्र उपाध्याय, मिस स्नेहा सुंदरम, अभिलाष वर्शी, आशीष कछवाहा और फील्ड बायोलॉजिस्ट ने विभिन्न विषयों पर अपने अनुभव और ज्ञान साझा किए।

## पूज्य सिंधी पंचायत के नवीन पदाधिकारियों का गठन

### पारस असरानी बने अध्यक्ष, गुलशन वरदानी बने सचिव



**मंडला 20 सितंबर नभाप्र.** श्री पूज्य सिंधी पंचायत मंडला के नवीन पदाधिकारियों का गठन हुआ। नियमित कार्यकाल के बाद नवीन पंचायत का चयन हुआ। इसमें अध्यक्ष पारस असरानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजानरेश खत्री,कनिष्ठ उपाध्यक्ष हरीश गुरवानी,सचिव गुलशन वरदानी, सहसचिव शक्ति क्षेतीजा,कोषाध्यक्ष ईश्वर लालवानी, प्रचार प्रसार प्रभारी कैलाश बंटी गैलानी,कोठारी बृजलाल राजानी चयनित हुए। चयन में समाज के सभी परिवारों,वरिष्ठजनों का सहयोग रहा। नवीन पदाधिकारी के गठन के पश्चात अंबेडकर वार्ड स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब में सामूहिक रूप से आरती,अरदास की गई। समाज के नवीन दायित्वों के निर्वहन के लिए पंचायत सदस्यों को शुभकामनाएं प्रेषित की गई। श्री गुरुद्वारा साहिब में पदाधिकारियों के साथ साथ समाज के परिवार शामिल हुए और सामाजिक क्षेत्र के विकास के लिए पंचायत सदस्यों से अपेक्षा की गई।

## बाइक की भिड़ंत में एक की मौत, तीन घायल

**मंडला 20 सितंबर नभाप्र.** महाराजपुर थाना क्षेत्र में दो बाइक की आपस में भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा शनिवार दोपहर करीब 3 बजे सिद्ध राइस मिल के सामने हुआ। जानकारी अनुसार बिचुआ से महाराजपुर की ओर आ रही एक बाइक ट्रैक्टर को ओवरटेक कर रही थी, तभी वह सामने से आ रही ऑटो से टकराकर गिर गई। इसी दौरान पीछे से आ रही दूसरी बाइक भी उसकी चपेट में आ गई। इस हादसे में बिचुआ निवासी शीतल राय की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में घायल हुए तीन लोगों को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल मंडला में भर्ती कराया गया है। महाराजपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जनपद सदस्य पर मारपीट का मामला दर्ज

### एकीकृत शासकीय हाई स्कूल डोंगर मंडला का मामला



**मंडला 20 सितंबर नभाप्र.** विगत 6 सितंबर को सुबह लगभग 11 बजे जनपद सदस्य मुकेश मार्को द्वारा एकीकृत शासकीय हाई स्कूल डोंगर मंडला में कक्षा नवमी की छात्र, छात्राओं से अंग्रेजी एवं विज्ञान के प्रश्न पूछे गए। प्रश्नों का उत्तर न दे पाने पर उन्होंने छड़ी से कक्षा के अंदर उपस्थित सभी बालक, बालिकाओं को छड़ी से मारकर दंडित किया। इस दौरान मुकेश कुमार अपने साथियों के साथ मौजूद रहे और घटना का वीडियो भी बनवाया। बताया गया कि घटना की जानकारी मिलने पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य रमेश गुमास्ता ने 20 सितंबर को थाना घुघरी में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने जनपद सदस्य मुकेश मार्को के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 333 एवं 115(2) के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार धारा 333 के अंतर्गत सरकारी कार्य में बाधा एवं शारीरिक क्षति से संबंधित प्रावधान हैं, जबकि 115(2) सार्वजनिक स्थान पर भय या उत्पीड़न फैलाने जैसी गतिविधियों पर लागू होती है। फिलहाल घुघरी पुलिस ने प्रकरण में वीडियो साक्ष्य को जब्त कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## नवरात्रि को लेकर टिकरिया थाने में शांति समिति की बैठक

### आयोजकों को दी गई सख्त हिदायत, धीमी आवाज में बजाएं लाउडस्पीकर, बिजली का टीसी कनेक्शन जरूर लें



**नारायणगंज 20 सितंबर नभाप्र.** आगामी नवरात्रि पर्व को शांति और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना टिकरिया में एक शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आसपास के पंडालों के अध्यक्षों और समितियों के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक के दौरान तहसीलदार संजय पटेले और टीआई गोपाल घोसले ने सभी समितियों को आवश्यक निर्देश दिए। पंडालों में बिजली की उचित व्यवस्था, सफाई और रात्रि में सदस्यों की मौजूदगी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। इसके साथ ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण रखने के लिए लाउडस्पीकर और साउंड बॉक्स को कम आवाज में बजाने और केवल धार्मिक गीत ही चलाने की सख्त हिदायत दी गई। चेतावनी दी गई कि किसी भी अन्य तरह के गाने बजाने पर साउंड सिस्टम जब्त कर लिया जाएगा। बैठक में विद्युत विभाग ने सभी पंडाल समितियों से समय पर अस्थायी कनेक्शन का भुगतान करने को कहा। साथ ही गलियों में लटकते हुए तारों को व्यवस्थित करने के लिए विभाग को निर्देश दिए गए। बैठक में चिरईडोंगरी, भावल, कुडामैली, नारायणगंज, खैरी और पड़रिया के सरपंच, रतन सिंह ठाकुर, मगनलाल सोनी, किशन तेकाम, जनपद उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा, दीपक पदम, गया चक्रवर्ती, राकेश अग्रवाल, राजेश सोनी और आशीष सोनी सहित कई गणमान्य नागरिक और पंडाल समितियों के सदस्य उपस्थित रहे।

## लापरवाही : समय से पहले बंद हो रहा प्राथमिक शाला दादरगांव



- स्कूल में अव्यवस्था और असुविधा से परेशान बच्चे
- ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से लगाई गुहार

**बबलिया 20 सितंबर नभाप्र.** जिले के बबलिया क्षेत्र के जेवरा पोषक ग्राम पंचायत के दादरगांव स्थित प्राथमिक शाला में समय से पहले छुट्टी कर दिए जाने का मामला सामने आया है, जिससे बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। ग्रामीणों और बच्चों ने आरोप लगाया है कि शिक्षक अक्सर समय से पहले छुट्टी कर देते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि शनिवार को भी स्कूल के बच्चे दोपहर 2 बजे ही छुट्टी होने पर घर लौट रहे थे। जब उनसे पूछा गया तो बच्चों ने बताया कि शिक्षक मीटिंग में गए हैं, इसलिए स्कूल जल्दी बंद कर दिया गया। बच्चों ने बताया कि स्कूल आने-जाने में उन्हें काफी परेशानी होती है क्योंकि गांव तक कोई साधन उपलब्ध नहीं है। रास्ते कच्चे हैं और खेत-खलिहानों से होकर गुजरते हैं, जिससे उन्हें हमेशा सांप-बिच्छू का डर बना रहता है। जानकारी अनुसार प्राथमिक शाला दादरगांव स्कूल सिर्फ समय से पहले छुट्टी होने की समस्या से ही नहीं, बल्कि कई अन्य अव्यवस्थाओं से भी जूझ रहा है। स्कूल तक पक्की सड़क न होने के कारण बारिश में बच्चों को काफी परेशानी होती है। इसके साथ ही स्कूल में स्वास्थ्य सुविधाओं की भी कमी है, जिसके कारण बच्चे सर्दी, खांसी और बुखार जैसी बीमारियों से परेशान हैं।

### मिल रहा गुणवत्ताहीन मध्याह्न भोजन

छात्र-छात्राओं ने मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता पर भी असंतोष व्यक्त किया। उनका कहना है कि भोजन की गुणवत्ता अच्छी नहीं होती, जिससे वे खाना नहीं खाते। ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग से मांग की है कि पढ़ाई-लिखाई की व्यवस्था को सुधारा जाए और शिक्षक समय पर स्कूल आएं और पूरा समय पढ़ाकर ही छुट्टी दें। ग्रामीणों ने जामुन टोला गांव की ओर ध्यान आकर्षित कराते हुए कहा कि यह गांव आज भी जिला प्रशासन की नजर से बाहर है। यहां न तो शिक्षा की कोई उचित व्यवस्था है और न ही स्वास्थ्य और पेयजल की सुविधा। उन्होंने जिला प्रशासन से अपील की है कि वे इस क्षेत्र की समस्याओं पर ध्यान दें जिससे यहां के लोगों को भी बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

**गरबा महोत्सव** | 29 सितंबर को होगा भव्य उद्घाटन, 500 से अधिक प्रतिभागी देंगे प्रस्तुतियां

## मीडिया पार्टनर नवभारत और कालरात्रि गरबा महोत्सव की तैयारियां अंतिम दौर पर








**नवभारत, मंडला।** नवरात्रि के पावन अवसर पर मंडला शहर में होने वाले बहुप्रतीक्षित कालरात्रि गरबा महोत्सव की तैयारियां जोर पकड़ चुकीं हैं। मीडिया पार्टनर नवभारत और कालरात्रि गरबा के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में गरबे की फाइनल प्रैक्टिस शुरू कर दी गई है, जिसमें सभी प्रतिभागी उत्साह और तन्मयता के साथ जुटे हुए हैं। वहीं प्रशासन द्वारा दिए गए सभी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए महोत्सव को आकर्षक और सुरक्षित बनाने की तैयारियां की जा रही हैं। मीडया पार्टनर नवभारत व आयोजन समिति के अनुसार गरबा महोत्सव का उद्घाटन 29 सितंबर को धूमधाम से किया जाएगा। इस अवसर पर 500 से अधिक प्रतिभागी एक साथ गरबा प्रस्तुति देंगे, जिससे कार्यक्रम और भी भव्य और मनोहारी बन जाएगा। कार्यक्रम की भव्य शुरुआत मां दुर्गा की सामूहिक आरती से होगी। इस अवसर पर नगर के समाजसेवी, विभिन्न संस्थाओं के सदस्य और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहेंगे।

### ये लोग लगा रहे आयोजन में चार चांद

आयोजन समिति में मीडिया पार्टनर नवभारत, काल रात्रि गरबा महोत्सव के संरक्षक और सदस्य के रूप में समाज के कई गणमान्य लोग सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इनमें पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष गिरीश चाँदनी, सरदार पटेल कॉलेज के प्राचार्य आशीष ज्योतिषी, रजनीश रंजन उसराठे, कुश्ती संघ अध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता, प्रीति धुर्वे, योगीराज हॉस्पिटल डायरेक्टर दीपमाला मार्सकोले, राकेश यादव, विजय कुमार पमनानी, दीपक चौरसिया, नितिन अग्रवाल, अनिरुद्ध बाजपेयी और पवन सचान शामिल हैं। आयोजकों ने नागरिकों से अपील की है कि वे परिवार सहित इस आयोजन में शामिल होकर गरबा-डांडिया के माध्यम से संस्कृति और भक्ति के इस पर्व को साझा करें तथा नवरात्रि की आध्यात्मिक ऊर्जा का आनंद लें।